हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 23 अगस्त 2026

06 हत्या के आरोपियों को उम्र कैद,अस्थि भंग करने ...



09 खबर प्रकाशित होते ही श्मशान घाट पहुंचे अधिकारी ...



गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

खबर संक्षेप

बलदाऊ जन्मोत्सव की तैयारी बैठक आज

विदिशा। भगवान श्री बलदाऊ जन्मोत्सव 2 सितंबर बुधवार को हल छठ के अवसर पर उत्साह के साथ मनाया जाएगा। जन्मोत्सव की तैयारियों एवं आयोजन की रूपरेखा तय करने के लिए रविवार को दोपहर 1 बजे किरी मोहल्ला स्थित किरार धाकड़ धर्मशाला में बैठक आयोजित की गई है।

6 घंटे में 100 किमी दूर तय कर किया अभिषेक

अहमदपुर। ग्राम अहमदपुर कस्बा के मठेश्वर मंदिर समिति के सदस्यों ने नर्मदा तट बोरास से सुबह 8 बजे कांवड़ भरकर डाक कांवड़ यात्रा शुरू की। कांवड़ियों ने दौड़ते हुए सिलवानी-गैरतगंज-गढ़ी मार्ग से करीब 6 घंटे में 100 किलोमीटर की दूरी तय कर मठेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर नर्मदा जल से भगवान शिव का अभिषेक किया। यात्रा में रामबाबू सेन, पप्पू नामदेव, हेमराज लोधी, शिवम लोधी, सुमित लोधी, शुभम साहू, नीलेश साहू सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे। कस्बे में नथन सिंह कुशवाह, उमराव सिंह कुशवाह, नीलेश शास्त्री सहित ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से कांवड़ियों का स्वागत किया।

आकाशवाणी से शशिकांत शर्मा को बी हाईग्रेड मिला

विदिशा। नगर के युवा तबला वादक पं. शशिकांत शर्मा को आकाशवाणी एवं दूरदर्शन द्वारा बी हाई ग्रेड प्रदान किया गया है। ख्यात



तबला वादक एवं शास्त्रीय गायक स्व. दीपक पाठक के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले शशिकांत नगर के इकलौते तबला वादक हैं। वे इंदिरा संगीत कला विश्वविद्यालय, खैरागढ़ में विश्वविख्यात तबला मनीषी पं. मुकुंद राव भाले से विधिवत शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उनकी उपलब्धि पर गोविंद देवलिया, सुदिन श्रीवास्तव, सुनील जैन, आशुतोष पाठक, भरत लढ्ढा, आशुतोष व्यास, साम्या तिवारी, मुस्कान पचौरी, अभिनव चतुर्वेदी, नैनिका साहू ने बधाई दी।

महिलाओं को अधिकार और निशुल्क कानूनी सहायता की दी जानकारी

कुरवाई। ग्राम पंचायत जरगुवां परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में एक दिवसीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों एवं असहाय वर्ग को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश आनंद गौतम ने महिलाओं से संबंधित कानूनी प्रावधानों, भरण-पोषण और घरेलू हिंसा से बचाव के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को बिना भय के न्याय की राह चुनने के लिए प्रेरित किया। आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को निशुल्क अधिवक्ता की सुविधा उपलब्ध है तथा टोल-फ्री नंबर 15100 पर कानूनी सहायता प्राप्त की जा सकती है।

टीईटी परीक्षा को लेकर संयुक्त मोर्चा के बैनर तले आज होगी बैठक

12 अक्टूबर को होगी टीईटी परीक्षा 2028 तक पांच मौके दिए जाएंगे

शिक्षकों के लिए अग्नि परीक्षा मानी जा रही टीईटी परीक्षा के आवेदन आज से शुरू हो रहे हैं। परीक्षा की तारीख भी जारी कर दी गई है, लेकिन किन शिक्षकों को यह परीक्षा देना है उसकी सूची शिक्षा विभाग अब तक जारी नहीं कर सका है। 2005 से भर्ती शिक्षक संविदा शिक्षक पात्रता परीक्षा पास हैं। जब देश में टीईटी परीक्षा थी ही नहीं।

- जिले में करीब 3500 शिक्षकों को देनी पड़ सकती है परीक्षा।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

आज से टीईटी परीक्षा देने आवेदन जमा होना शुरू हो जाएंगे। शिक्षक 4 सितंबर तक आवेदन जमा कर सकेंगे। शिक्षक 4 सितंबर तक आवेदन जमा कर सकेंगे।

परीक्षा की तारीख तय कर दी गई है, लेकिन मजे की बात यह है कि जिले में कितने और किन किन शिक्षकों को यह परीक्षा देनी होगी शिक्षा विभाग उन शिक्षकों की सूची ही जारी नहीं कर सका है और आवेदन करने की तारीख ही आ गई है। कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ली जा रही टीईटी परीक्षा की तारीख जारी 12 अक्टूबर तय कर दी है। परीक्षा देने वाले शिक्षकों को वर्ष 2028 तक पांच मौके दिए जाएंगे। परीक्षा पात्रता के मापदंड को लेकर शिक्षकों के मन में सवाल उठ रहे हैं। इस परीक्षा में एससीएसटी और ओबीसी के शिक्षकों को 50% अंक अनिवार्य है और जनरल केटेगिरी के शिक्षकों को 60% अंक लाना अनिवार्य किया है। जो शिक्षक परीक्षा के लिए आवेदन करेंगे वह 9 सितंबर तक आवेदन में संसोधन करा सकेंगे।

शिक्षक संगठनों से जुड़े पदाधिकरी बताते हैं कि जिले में वर्ष 2005 से 2010 तक भर्ती हुए शिक्षकों की संख्या करीब 3500 है। वहीं 1998 से 2003 तक के शिक्षकों की संख्या 2500 के आसपास है। आजाद अध्यापक संघ के प्रदेश संगठन मंत्री केशव रघुवंशी ने बताया कि संयुक्त मोर्चा के बैनर तले आज दोपहर 2 बजे डाइट परिसर में बैठक आयोजित की गई है। जिसमें टीईटी परीक्षा के संबंध में संगठन के पदाधिकारियों से चर्चा की जाएगी।

अभी तक दिए जा रहे हैं नए- नए आदेश

सवाल यह है कि जिन शिक्षकों की नियुक्ति उस समय के वैध नियमों के तहत हुई थी उसे आज कैसे चुनौती दी जा सकती है। असल में सरकार 2004 से पहले नियुक्त शिक्षकों से परेशान है क्योंकि वे पुरानी पेंशन और मूल नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता के दायरे में आ रहे हैं। सरकार उन्हे परीक्षाओं में उलझाकर रखना चाहती है। इधर डीईओ एनके अहिरवार का कहना है कि विशेष पात्रता का कोई निर्धारण नहीं किया गया है। 2007 के बाद जो बिना परीक्षा दिए शिक्षक बने हैं उन्हे परीक्षा देना है। जिले में करीब दो से तीन हजार शिक्षक ऐसे हैं जिन्हे यह परीक्षा देना है। जो शिक्षक पास होंगे वही नौकरी के लिए पात्र होंगे। अभी शासन के आदेश आए हैं।

ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करना पहली प्राथमिकता : कलेक्टर

अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई और नियमित मैदानी भ्रमण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित बेतवा सभाकक्ष में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जिले में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कहा है कि ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना तथा शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में ग्यारसपुर विकासखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण एवं निरीक्षण कर लौटे अधिकारियों ने ग्रामीणों से संवाद के दौरान सामने आई समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी कलेक्टर को दी। श्री गुप्ता ने संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायत ग्यारसपुर के सीईओ को निर्देशित किया कि प्रत्येक पंचायत की समस्याओं का विभागवार चार्ट तैयार कर टीएल बैठक में प्रस्तुत किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। अभियान के दौरान प्राप्त आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने जीवन ज्योति बीमा एवं स्पॉन्सरशिप योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को श्रम विभाग की योजनाओं की जानकारी देने के निर्देश दिए।

स्कूल, आंगनबाड़ी व टीएचआर वितरण की होगी निगरानी

कलेक्टर ने स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग, कुपोषित बच्चों के परिवारों की स्थिति और योजनाओं के लाभ की जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों पर छोटे बच्चों, धात्री माताओं एवं किशोरी बालिकाओं को नियमानुसार टेक होम राशन वितरण की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग को दिए।

सड़क, आवास और मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान

कलेक्टर ने पीएमजीएसवाई अधिकारियों को आवश्यकता के अनुसार ग्रामीण सड़कों के प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने प्रथम किस्त प्राप्त कर चुके हितग्राहियों को द्वितीय एवं तृतीय किस्त समय पर उपलब्ध कराने तथा लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद पंचायत सीईओ को प्रतिदिन पंचायतों का भ्रमण करने के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि लापरवाही पर वेतन काटने की कार्रवाई की जाएगी। गांवों में सड़क, बिजली, पानी, श्मशान घाट सहित मूलभूत सुविधाओं की सूची तैयार करने तथा एमपी ऑनलाइन एवं सीएससी केंद्रों पर निर्धारित शुल्क की रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से चस्पा कराने के निर्देश भी दिए गए।



विदिशा मेडिकल कॉलेज में रील बनाने पर रोक लगी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों द्वारा वीडियो बनाने व फोटो खींचने पर रोक लगा दी गई है।

कॉलेज प्रशासन ने 21 अगस्त को इस संबंध में आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया कि आवश्यक कार्य के लिए पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। दरअसल, हाल ही में अस्पताल परिसर के दो वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए थे। एक वीडियो में युवती लिफ्ट के अंदर वीडियो बनाती दिखाई दी, जबकि दूसरे वीडियो में दो युवतियां बेसमेंट में डांस करती नजर आईं। इन वीडियो के वायरल होने के बाद मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे थे। अस्पताल परिसर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज, उनके परिजन और कर्मचारी आते-जाते हैं। ऐसे में कॉलेज प्रशासन ने व्यवस्था और गोपनीयता बनाए रखने के उद्देश्य से यह कदम उठाया है। हालांकि जारी आदेश में बाहरी लोगों द्वारा वीडियो बनाने को लेकर अलग से कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है।

पुलिस ने मानसिक विक्षिप्त को अस्पताल पहुंचाया

शमशाबाद। सड़क किनारे घायल और अवस्था में मिले मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति को लिए शमशाबाद पुलिस ने रेस्क्यू कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद पहुंचाया। बेहतर उपचार के लिए उसे मेडिकल कॉलेज विदिशा में भर्ती कराया गया। स्वस्थ होने के बाद उसकी देखभाल और पुनर्वास के लिए पुलिस ने उसे अपना घर आश्रम में दाखिल कराया। 20 अगस्त की रात डायल-112 पर सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह राजपूत के निर्देशन में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।

आज सुबह माधव उद्यान में जुटेंगे स्वास्थ्य प्रेमी

विदिशा। विदिशा रनर्स ग्रुप द्वारा आज रविवार को माधव उद्यान में 10 हजार स्टेप वॉकाथॉन आयोजित होगी। सुबह 6 बजे शुरू होने वाले इस आयोजन में सभी उम्र के लोग बिना किसी प्रतिस्पर्धा के शामिल हो सकेंगे। उद्देश्य स्वास्थ्य को जीवन की प्राथमिकता बनाना है।

कार्यक्रम: हरियाणवी नृत्य ने जीता दिल, अर्धशास्त्रीय में श्रीराम के जीवन दर्शन ने किया मंत्रमुग्ध





विदिशा। ओलम्पस हाई स्कूल में शनिवार को भोपाल सहोदया समूह के सीबीएसई विद्यालयों के तत्वावधान में अंतर-विद्यालयीन लोक एवं अर्धशास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ। विदिशा और भोपाल के लगभग 15 विद्यालयों के 200 विद्यार्थियों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कला एवं संस्कृति व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लोक नृत्य में सेज इंटरनेशनल स्कूल, कोलार भोपाल प्रथम, आईईएस पब्लिक स्कूल रातीबड़ द्वितीय और साकेत एमजीएम विदिशा तृतीय रहा। अर्धशास्त्रीय नृत्य में भी सेज इंटरनेशनल स्कूल, कोलार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्रीराम के जीवन दर्शन, शिव स्तुति और काली नृत्य सहित विभिन्न प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

3 फीट गहरी नदी पार कर स्कूल जाते हैं बच्चे

विदिशा। लटेरी तहसील से करीब 27 किमी दूर भीलाखेड़ी खुर्द गांव आज भी सड़क और पुल जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। गांव से बाहर आने-जाने के लिए करीब 200 फीट चौड़ी भरका नदी पार करनी पड़ती है। गांव के 15 से 20 बच्चे प्रतिदिन नदी पार कर दूसरी ओर स्थित प्राथमिक स्कूल पहुंचते हैं। कई बार परिजन और शिक्षक बच्चों को नदी पार कराते हैं, जबकि पानी में बैग गिरने से किताबें भीग जाती हैं। बारिश के दौरान नदी कई बार उफान पर आ चुकी है, जिससे घंटों आवागमन बंद रहता है। गांव में दोपहिया और चारपहिया वाहन भी नहीं पहुंच पाते और ग्रामीण वाहन नदी किनारे खड़े कर पैदल गांव जाते हैं। बीमारों को भी कंधे पर उठाकर नदी पार कराना पड़ता है। दो दिन पहले एक गर्भवती महिला को चार युवकों ने कंधे पर उठाकर नदी पार कर अस्पताल पहुंचाया। ग्रामीणों ने सड़क और पुल निर्माण की मांग की है।

मंदिर में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

विदिशा। कोतवाली पुलिस ने बालकदास की तलैया स्थित मनोकामना पूर्ण हनुमान मंदिर में हुई चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गए तांबे के नाग देवता बरामद किए हैं, जिनकी कीमत करीब 2 हजार रुपये बताई गई है। फरियादी राम शर्मा की रिपोर्ट पर कोतवाली थाने में प्रकरण दर्ज कर विवेचना की गई। तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने संजू उर्फ संजय यादव, निवासी विजय मंदिर के पास, विदिशा को अभिरक्षा में लिया। कार्रवाई एसपी के निर्देशन में की गई।

गड्ढों को चूने से घेरकर बताया 'मौत का गड्ढा' मरम्मत नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



शहर की बदहाल सड़कों और जगह-जगह बने गड्ढों को लेकर किसान कांग्रेस ने शनिवार को नगरपालिका और प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। बाल विहार के सामने किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत दांगी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सड़क के गड्ढों को चूने से घेरकर उन्हें 'मौत का गड्ढा' बताया।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बारिश के कारण गड्ढों में पानी भर जाने से वाहन चालकों को उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे हादसों का खतरा बढ़ गया है। विनीत दांगी ने कहा कि शहर की चारों दिशाओं में चौराहों से लेकर गलियों तक सड़कें खराब हैं और यह समस्या सीधे आमजन की सुरक्षा से जुड़ी है। उन्होंने पूर्व में गड्ढे के कारण एक बच्ची की मौत तथा हाल ही में एक कॉलोनी में लोडिंग ऑटो पलटने की घटना का उल्लेख करते हुए प्रशासन से तत्काल सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की। दांगी ने भाजपा और जनप्रतिनिधियों पर भी शहर की सड़कों की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द गड्ढे नहीं भरे गए तो किसान कांग्रेस शहर के हर मोहल्ले और गली में आंदोलन करेगी तथा आवश्यकता पड़ने पर जनप्रतिनिधियों के आवासों के सामने भी प्रदर्शन किया जाएगा।

रामचरितमानस के प्रसंगों और मित्रता विषय पर दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

तुलसी जयंती सप्ताह के अंतर्गत पं. गंगाप्रसाद पाठक ललित कला न्यास द्वारा नगर में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

महारानी अवंतीबाई हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने रामचरितमानस के प्रसंगों पर आकर्षक चित्र उकेरे। इस अवसर पर मनमोहन बंसल, सुदिन श्रीवास्तव, अरविंद द्विवेदी, अमिताभ शर्मा, प्रकाश लोधी एवं अनंत सिंह उपस्थित रहे। वहीं सांदीपनि विद्यालय में रामचरितमानस में मित्रता विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। माध्यमिक वर्ग में मान्या सोनी प्रथम, समृद्धि बघेल द्वितीय और दिशा किरार तृतीय रहीं। उच्चतर माध्यमिक वर्ग में अक्षरा तिवारी ने प्रथम तथा भूमि रघुवंशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दिशा दुबे और अमय शाक्य संयुक्त रूप से तृतीय रहे। पूर्व प्राचार्य बीके जैन ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

चोरी की बाइक बरामद कर आरोपी को दबोचा

विदिशा। नटेरन पुलिस ने मोटर साइकिल चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद की है। 23 जुलाई 2026 को ग्राम पड़रिया जागीर निवासी छोटू शाह ने घर के बाहर से होंडा शाइन एसपी क्रमांक एमपी 40 जेडके 4321 चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यों तथा मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने अरविंद उर्फ तस्वीरा वंशकार, निवासी आमखेड़ा सूखा को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चोरी गई मोटर साइकिल बरामद कर न्यायालय में पेश किया गया।

डॉ. शर्मा की शैक्षणिक विरासत को किया याद उत्कृष्ट छात्रों व वैज्ञानिक को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



साकेत एमजीएम सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल में जैन कॉलेज के रसायन विज्ञान विशेषज्ञ एवं उत्कृष्ट शिक्षक स्वर्गीय प्रो. डॉ. एसपी शर्मा की तृतीय पुण्यतिथि पर प्रोफेसर डॉ. एसपी शर्मा और हमारा समय विषय पर गोष्ठी तथा पेयजल रसायन परीक्षण एवं मानव स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई।

संस्था संचालक संजय पांडे के स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि डॉ. नलिन थापलियाल ने डॉ. शर्मा को जटिल कार्बनिक रसायन विज्ञान को सरल ढंग से पढ़ाने वाला उत्कृष्ट शिक्षक बताया और उनके वैज्ञानिक योगदान को याद किया। रसायन विज्ञान के क्षेत्र में 41 वर्षों के उत्कृष्ट योगदान के लिए एसएटीआई के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. आरपी वशिष्ठ को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो. डॉ. अंकुश शर्मा द्वारा अपने पिता को समर्पित पुस्तक का विमोचन भी किया गया। छात्रों को प्रो. डॉ. आरएन शुक्ला ने जल की शुद्धता जांचना सिखाया

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के विकास को मिलेगी नई गति

विधायक ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, द्वितीय चरण में 5.73 करोड़ से बनेंगे 8 क्लासरूम, लैब, सेमिनार हॉल व स्किल रूम

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गुरारिया हवेली काला पाठा रोड स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय कॉलेज के विकास को अब नई गति मिलने जा रही है। छात्रों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने कॉलेज में विकास कार्यों की कार्ययोजना तैयार की गई है। विधायक मुकेश टंडन ने शेरपुरा स्थित अपने कार्यालय में संबंधित अधिकारियों एवं पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर प्रस्तावित कार्यों और उनकी प्रगति की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि विकास कार्यों के द्वितीय चरण में करीब 5 करोड़ 73 लाख रुपए की लागत से भवन एवं बाउंड्री निर्माण कराया जाएगा। भवन में 8 क्लासरूम, एक लैब, एक सेमिनार हॉल और एक स्किल रूम का निर्माण किया जाएगा। निविदा स्वीकृत होने के बाद मप्र भवन विकास निगम द्वारा निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। इसे लगभग 9 माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। तृतीय चरण में लगभग 21 करोड़ 80 लाख रुपए की लागत से अन्य निर्माण एवं विकास कार्य प्रस्तावित हैं। इनके पूरा होने से छात्रों के लिए आधुनिक शैक्षणिक अधोसंरचना, प्रयोगशालाओं और आवश्यक सुविधाओं का विस्तार होगा। विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करना प्राथमिकता है। बेहतर भवन, प्रयोगशाला, सेमिनार हॉल और स्किल रूम जैसी सुविधाओं से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के कौशल विकास के अवसर भी बढ़ेंगे। बैठक में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सुरेन्द्र रघुवंशी, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अजय सिंह हजारी, भवन विकास निगम के प्रबंधक बलवंत सिंह सोलंकी तथा टाटा कंसल्टेंसी से रितेश तिवारी उपस्थित रहे।



विदिशा। निर्माण कार्य के संबंध में अधिकारियों से चर्चा करते हुए विधायक टंडन।

खबर संक्षेप

महिला ने लगाई फांसी

गंजबासौदा। शनिवार को दोपहर के लगभग 12 बजे बरेठ रोड निवासी एक महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला की पहचान शुभि रघुवंशी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुभि रघुवंशी ने अपने कमरे में दुपट्टे से फांसी लगा ली। घटना के समय उनके पति अमित रघुवंशी घर पर नहीं थे, जबकि उनकी मां घर में खाना बना रही थीं। जब शुभि काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकलीं और आवाज देने पर भी दरवाजा नहीं खोला, तो परिजनों ने गेट तोड़ दिया। अंदर शुभि को फांसी के फंदे पर झूलता पाया गया। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

लग रहा देर तक जाम

गंजबासौदा। पचमा बायपास मार्ग पर प्रतिदिन देर तक जाम लगा रहता है। यहां से वाहन चालक बेतरतीब निकलते हैं और रास्ते में फंस जाते हैं, जिससे जाम लग जाता है। ऐसे में रहवासियों, दुकानदारों, राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गत दिवस भी जाम के चलते वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं।

स्व-रोजगार परियोजना की समीक्षा बैठक

सागर। मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) जिला पंचायत विवेक के.वी. की अध्यक्षता में स्व-रोजगार परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को स्व रोजगार परियोजना के निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार प्रगति सुनिश्चित करने, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गए। सीईओ विवेक के.वी. ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्व-रोजगार परियोजना के अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने हेतु नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा किसी भी प्रकार की कमी को तत्काल दूर किया जाए।

पुत्रदा एकादशी आज : पशुपतिनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक के साथ होगा श्रीकृणाभिषेक

सागर। पंचांग अनुसार पुत्रदा एकादशी का व्रत आज रविवार को रखा जायेगा मंदिरों में भी भगवान का एकादशी अभिषेक श्रृंगार किया जायेगा। तिली रोड स्थित बैंक कॉलोनी के पशुपतिनाथ मंदिर में चल रहे पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं अभिषेक पूजन कार्यक्रम में भी आज रविवार को रुद्राभिषेक के साथ श्री कृष्ण अभिषेक किया जायेगा। पं.शिवप्रसाद तिवारी ने बताया तय समयानुसार सुबह 8बजे से 11बजे तक रुद्री निर्माण और 11.30बजे से 1.30बजे तक रुद्राभिषेक एवं श्री कृष्णाभिषेक किया जायेगा। शनिवार को 12बजे जैसे ही रुद्री पाठ प्रारंभ हुआ उसी समय तेज बारिश प्रारंभ हो गई अभिषेक करने महिलाएं भीगते हुए पानी में आईं।

करीब आठ वर्ष पूर्व दर्ज प्रकरण में गत दिवस आया फैसला

हत्या के आरोपियों को उम्र कैद,अस्थि भंग करने वालों को 5 वर्ष की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

ग्राम लाडपुर तहसील शमशाबाद में हत्या के मामले में न्यायाधीश द्वारा एक पक्ष के आरोपियों को आजीवन कारावास एवं धारदार हथियार से अस्थिभंग कारित करने वाले दूसरे पक्ष के आरोपियों को 5-5 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

अपर लोक अभियोजक डॉ. अखिलेश लाहौरी ने बताया कि फरियादी विकास यादव ने दिनांक 06.12. 2019 को शमशाबाद थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका चचेरा भाई नेपाल यादव मवेशी चराने जंगल गया था। तभी रास्ते में एकराय होकर रतन भोई, भीकम भोई, महेंद्र भोई, हरीसिंह भोई, चैनसिंह भोई, हमीर सिंह भोई, दयाराम भोई एवं रामचरण धाकड़ ने उसके साथ मारपीट की। जिससे वह घायल हो गया। नेपाल के चिल्लाने पर भूरा यादव, नथन यादव, हिम्मत सिंह यादव, संजीव यादव, दीवान सिंह यादव उसे बचाने गये। जिस पर आरोपीगणों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी।



हत्या के 8 आरोपियों को सश्रम कारावास

गंजबासौदा। न्यायालय हरप्रसाद वंशकार, द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, गंजबासौदा के समक्ष दोनों पक्षों के साक्ष्य एवं अंतिम तर्क हुये जिसमें न्यायाधीश द्वारा अपर लोक अभियोजक डॉ. अखिलेश लाहौरी द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होते हुये एक पक्ष के आरोपीगण भीकम सिंह भोई. आयु 57 वर्ष, रतन सिंह भोई आयु 47 वर्ष, हरि सिंह उर्फ हरिनारायण भोई, आयु 42 वर्ष, हमीर सिंह भोई आयु 42 वर्ष, चैन सिंह भोई, आयु 70 वर्ष, महेंद्र भोई आयु 35 वर्ष, दयाराम भोई, आयु 42 वर्ष, मलखान सिंह भोई आयु 33 वर्ष, निवासीगण ग्राम लाडपुर थाना शमशाबाद को भादंवि की धारा 147 में 1-1 वर्ष के सश्रम कारवास एवं 500-500 रूपये के अर्थदण्ड एवं भादंवि की धारा 148 में 1-1 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 500-500 रूपये के अर्थदण्ड धारा 323 सहपठित धारा 149 (पाच शीर्ष) में 3-3 माह के सश्रम कारावास एवं 500-500 रुपये के अर्थदण्ड से तथा 324 सहपठित धारा 149 भादंवि में 1-1 वर्ष के सश्रम कारवारा एवं 500-500 रूपये के अर्थदण्ड से तथा 302 राहपठित धारा 149 भा.द.वि. में आजीवन कारावास एवं 1000-1000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

घटना रामबाबू यादव,राजेश यादव एवं अनिल यादव ने देखी व बीच-बचाव किया। पुलिस ने धारा 294, 147, 148, 149, 323/149, 324/149, 500 (भाग-2) भादंवि के तहत मामला दर्ज किया। प्रकरण में आहत नथन सिंह की ईलाज के दौरान मृत्यु हो जाने से धारा 302/149 भादंवि का इजाफा किया गया। वहीं दूसरे पक्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई जिसमें फरियादी हरिनारायण भोई द्वारा बताया गया कि उसके साथ नथन सिंह यादव, पप्पू यादव, दिवान सिंह यादव, कल्ला यादव, रविंद्र यादव, हिम्मत यादव, अनिल यादव, विकास यादव ने एक राय होकर डंडा, फर्सा से मारपीट की। उसका भतीजा बलराम एवं भाभी लगीबाई आ गये, जिन्होंने घटना देखी बीच बचाव किया। फरियादी हरिनारायण की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा धारा 147, 148, 149, 324, 294, 506, 326 भा.दं.सं. के तहत अभियुक्तगण के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया।

अस्थिभंग करने वाले आरोपियों को कारावास

गंजबासौदा। न्यायालय हरप्रसाद वंशकार द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने दूसरे पक्ष के आरोपीगण विकास यादव आयु-26 वर्ष, अनिल यादव आयु 25 वर्ष, रविंद्र यादव आयु 32 वर्ष, नेपाल उर्फ कल्ला यादव आयु 32 वर्ष, दिवान सिंह यादव आयु 42 वर्ष, पप्पू यादव आयु 30 वर्ष निवासीगण ग्राम लाडपुर को धारा 148 भादवि में 1-1 वर्ष एवं 500-500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया तथा 323 सहपठित धारा 149 (19: शीर्ष) में 3-3 माह के सश्रम कारावास एवं 500-500 रुपये के अर्थदण्ड से तथा धारा 324 सहपठित धारा 149 भा.दं.वि में 1-1 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 500-500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया तथा धारा 326 सहपठित धारा 149 भादंवि में 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000 1000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी डॉ. अखिलेश लाहौरी अपर लोक अभियोजक द्वारा की गई।

अब याचिका नहीं, स्वाभिमान का शंखनाद होगा : प्रथ्वी सिंह रघुवंशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे और कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उपेन्द्र कौशल ने प्रदेश के सभी अध्यापको से अपने सम्मान और भविष्य के लिए 30 अगस्त को TET के विरोध मे दिल्ली चलने का आव्हान करते हुए कहा कि हमारी एकता और शक्ति से केन्द्र सरकार अध्यादेश लाने को मजबूर हो जाए। वहीं शासकीय शिक्षक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने कहा कि जिस हाथ मे देश का भविष्य गढ़ने की चाक और डस्टर होना चाहिए, पर दुख इस बात का है कि आज वहीं हाथ अपने अधिकारों और बुनियादी जरूरत और अधिकार व सम्मान के लिए सड़कों पर आने को मजबूर हैं। 28 वर्षो का निष्ठावान सेवाकाल, पेंशन का खोता सपना, दर्जनों ऐप, ई अंटेडेंस का मानसिक दबाब, आज का शिक्षक पढ़ाए या केवल रिपोटिंग का डेटा ऑपरेटर बनकर रह जाये, अब बहुत हुआ अब याचना नही सम्मान के लिए शंखनाद होगा। वहीं प्रांतीय संयुक्त सचिव अमर सिंह तोमर, संभाग कार्यकारी अध्यक्ष संजीव रघुवंशी एवं जिलाध्यक्ष नवल सिंह ने कहा कि आज तक के इतिहास मे पहले कभी नही हुआ कि 2011 से लागू कानून 1998 से लागू हो, हमेशा कानून लागू होने की दिनांक से लागू होता है। वहीं लम्पूराम अहिरवार, निर्भयसिंह, राहुल शर्मा ने कहा कि जो शिक्षक 50-55 वर्ष पार चुके हैं उनके पढ़ाए हुए छात्र बड़े बड़े पदों पर आसीन हो चुके है। उन्हें अब योग्यता साबित करने को परीक्षा देनी पड़ेगी नहीं तो सेवा से बाहर होने का भय। संगठन के दीपक नामदेव, नीलम रघुवंशी, विनोद श्रीवास्तव, शफाकत हुसैन कादरी, जितेन्द्र नामदेव, महेन्द्र सिंह रघुवंशी, अरूण पांडे, रामबाबू रघुवंशी, काशीराम मालवीय, अभिषेक माथुर, अजय शर्मा, रामराजसिंह दांगी, ज्ञान सिंह लोधी, संजय अहिरवार, संजय विश्वकर्मा, कृपाराम सेन,पूरन सिंह लोधी, माधवी भाटिया, अनीता ठाकुर, सपना शर्मा, रितु सिंह, तृप्ति तिवारी, रश्मि राजपूत, सरिता ठाकुर, प्रेमिला रघुवंशी, सरस्वती सेन, अनीता साहू, ममता छावड़ा, भारती शर्मा, मुक्ता श्रीवास्तव आदि शिक्षकों ने सभी से एक स्वर मे आगामी 30 अगस्त को दिल्ली चलने का आव्हान किया है।

प्रतिभा सम्मान समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

जिला रघुवंशी समाज विदिशा द्वारा समाज की प्रतिभाओं के सम्मान और प्रोत्साहन के लिए रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम रविवार को दोपहर 1 बजे रघुवंशी धर्मशाला में आयोजित होगा। समारोह में शिक्षा, खेल, कला, संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन में समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी, युवा, प्रतिभाएं और बड़ी संख्या में समाज बंधुओं के शामिल होने की संभावना है। जिला रघुवंशी समाज की ओर से समाजबंधुओं से सपरिवार कार्यक्रम में पहुंचकर प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करने की अपील की गई है। समाज के जिलाध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने बताया कि प्रतिभाओं का सम्मान उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही समाज के अन्य बच्चों और युवाओं को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि समाज की प्रतिभाओं को उचित मंच और प्रोत्साहन देने के लिए आगे भी प्रयास जारी रहेंगे। कार्यक्रम में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। जिला अध्यक्ष ने सभी सामाजिक बंधुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है।

ई रिक्शा ऑटो यूनियन ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शनिवार की ई रिक्शा ऑटो यूनियन ने अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम अनुभा जैन को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि रेलवे स्टेशन परिसर में ई-रिक्शा एवं ऑटो स्टैंड हेतु स्थाई व्यवस्था की जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि ई-रिक्शा ऑटो चालक रेलवे स्टेशन पर विगत कई वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रतिदिन हजारों यात्रियों का आवागमन स्टेशन से होता है, जिन्हें स्टेशन से शहर तक जाने के लिए ई-रिक्शा ऑटो की आवश्यकता होती है, जबकि केन्द्र सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करने की बात कई बार कह चुकी है। परंतु वर्तमान में स्टेशन परिसर में हमारे वाहनों के लिए कोई निर्धारित स्थाई स्टैंड नहीं है। जिससे कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जैसे यात्रियों को ऑटो खोजने में परेशानी होती है, तथा अव्यवस्था फैलती है। जीआरपी, आरपीएफ द्वारा चालकों को बार-बार हटाया जाता है। वाहनों को खड़ा करने की निश्चित जगह न होने से जाम की स्थिति बनती है। वृद्ध, महिला एवं दिव्यांग यात्रियों को भारी असुविधा होती है। ज्ञापन में कहा गया है कि उक्त समस्याओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के बाहर उचित स्थान पर ई-रिक्शा ऑटो हेतु स्थाई स्टैंड की व्यवस्था की जाए। स्टैंड पर ई-रिक्शा ऑटो स्टैंड का बोर्ड लगाया जाए। यात्रियों की सुविधा हेतु किराया सुनिश्चित कर, रेट लिस्ट समस्त ऑटो पर लगाई जाए। इस अवसर पर बडी संख्या में ई रिक्शा ऑटो चालक मौजूद थे।

यहां उल्लेखनीय है कि ई रिक्शा के चलते रेलवे स्टेशन परिसर ही नहीं बल्कि मुख्य मार्गों पर भी अव्यवस्था उत्पन्न हो रही है। साथ ही चालकों का कोई रजिस्ट्रेशन न होने और बिना अनुभव के लोगों द्वारा ई रिक्शा चलाने से यात्रियों एवं नागरिकों को भी भय बना रहता है। नागरिकों एवं यात्रियों की बार बार मांग के बाद भी यातायात पुलिस इस ओर गंभीरता से ध्यान नही दे रही है।

पंचतत्व समिति एवं ताम्रकार समाज ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



ताम्रकार धर्मशाला परिसर में ताम्रकार समाज और पंचतत्व संरक्षण समिति के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों, महिला मंडल और समिति के सदस्यों ने मिलकर गुलमोहर, मधुकामिनी, कदम, अर्जुन, नीम और आंवला के पौधे रोपे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। खाद्य आपूर्ति निगम के पूर्व उपाध्यक्ष देवेंद्र वर्मा ने बुजुर्गों के समर्पण को याद करते हुए कहा कि उनके आदर्शों और प्रेरणा से पौधे लगाना एक सराहनीय कदम है। पंचतत्व के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज के बुजुर्गों के नाम से पौधे लगाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। प्रमोद सिंह ने पंचतत्व संरक्षण समिति के पर्यावरण संबंधी कार्यों की जानकारी दी। ताम्रकार समाज के अध्यक्ष सुरेश ताम्रकार ने पौधरोपण को पुण्य कार्य बताते हुए भविष्य में भी समिति के साथ मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। संबोधन के पश्चात समाज के बुजुर्गों पूर्व विधायक फूलचंद वर्मा, शंभूदयाल वर्मा, खेमचंद वर्मा, गोटीलाल ताम्रकार, हजारीलाल ताम्रकार, गोपीचंद ताम्रकार, गौरीशंकर ताम्रकार, महेशनारायण महलवार की स्मृति में समाज के वरिष्ठों, महिला मंडल और उपस्थितजनों ने पौधे रोपकर उनके संरक्षण का दायित्व लिया। कार्यक्रम के लिए पौधे पंचतत्व समिति द्वारा उपलब्ध कराए गए।

नशे के विरुद्ध विशेष अभियान को लेकर की पत्रकारवार्ता



गंजबासौदा। राष्ट्र चेतना मंच मध्य प्रदेश द्वारा शनिवार को स्थानीय प्रेस क्लब भवन में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकारवार्ता में मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि मंच द्वारा जल्द ही प्रदेश स्तर पर नशे के विरुद्ध एक विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज और विशेषकर युवा वर्ग को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। पदाधिकारियों ने कहा कि आज नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई बन चुका है, जो न केवल युवाओं के भविष्य को खराब कर रहा है बल्कि परिवारों को भी बर्बाद कर रहा है। इसे जड़ से समाप्त करने के लिए जन-जागरूकता बेहद जरूरी है। इसके तहत स्कूल-कॉलेजों, सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम, सेमिनार और रैलियों का आयोजन किया जाएगा। इस मुहिम में सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों को भी जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही मंच द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण अभियान भी चलाया जाएगा। अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने पर जोर दिया जाएगा। मंच ने कहा कि उसका मुख्य उद्देश्य नशामुक्त, स्वस्थ और हरित समाज का निर्माण करना है। इस अवसर पर मंच के प्रदेश अध्यक्ष नंद किशोर दुबे, राहुल दुबे, लोकेश कुमार साहू, नरेंद्र रघुवंशी गुड्डा, निर्वेश मीणा, पन्ना लाल कुशवाह सहित मंच के अनेक कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

घर में लगी आग से गाय और भैंस की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शनिवार को लाल पठार निवासी महेंद्र सिंह यादव झिरी वालों के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की लपटें और धुंआ निकलता देख नागरिकों ने आग बुझाने का प्रयास किया और काफी मशक्कत के बाद आखिरकार आग पर काबू पाकर उसे बुझा लिया गया। लेकिन तब तक आग की चपेट में आने से महेन्द्र सिंह यादव की एक दुधारू गाय और एक भैंस की झुलसने से मौत हो गई। जबकि उनके घर में रखा गृहस्थी का सामान भी जलकर नष्ट हो गया। आगजनी की इस घटना में महेन्द्र सिंह को हजारों रूपये का नुकसान हो गया। पीडित ने प्रशासन से क्षति का आंकलन कर क्षतिपूर्ति की मांग की है।

शिव महापुराण के समापन पर कथा व्यास पं. धर्मेन्द्र भार्गव ने सुनाए जीवन के संदेश

विधायक और नपा अध्यक्ष कथा में हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

भगवान शिव की महिमा का कोई अंत नहीं और उनके भक्तों की कथाएं जीवन के अलग-अलग रंग दिखाती हैं। शिव महापुराण कथा के समापन पर कथा व्यास पं. धर्मेंद्र भार्गव ने कार्तिकेय और गणेश के प्राकट्य, श्रीकृष्ण की शिव साधना और बाणासुर की भक्ति से जुड़े प्रसंग सुनाए। कथा के साथ श्रद्धालुओं को भक्ति के साथ विवेक और विनम्रता का संदेश भी मिला। तारकासुर का अंत करने वाले कार्तिकेय, माता-पिता की परिक्रमा से जगत की परिक्रमा का फल पाने वाले गणेश, शिव की आराधना करने वाले श्रीकृष्ण और भक्ति के बाद अहंकार में डूबे बाणासुर शिवमहापुराण कथा के समापन दिवस पर इन सभी प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को बांधे रखा। कथा के दौरान विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने भी पहुंचकर कथा व्यास पंडित धर्मेंद्र भार्गव का व्यास पीठ से सम्मान कर कथा का आनंद लिया।

गांधी चौक स्थित पुरानी नगर पालिका के पीछे चल रहे संगीतमय श्री शिवमहापुराण कथा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण आनंद महोत्सव का समापन भक्तिमय माहौल में हुआ। कथा व्यास ने भगवान कार्तिकेय के प्राकट्य का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि तारकासुर के अत्याचार से देवता और ऋषि-मुनि परेशान थे। उसका अंत करने के लिए भगवान शिव के तेज से कार्तिकेय जी का प्राकट्य हुआ। बाल्यकाल से ही अद्भुत तेज और पराक्रम से संपन्न कार्तिकेय ने आगे चलकर तारकासुर का वध कर देवताओं को उसके आतंक से मुक्ति दिलाई। इसके बाद भगवान गणेश के जन्म की कथा सुनाई गई। माता पार्वती द्वारा अपने उबटन से गणेश जी की रचना, भगवान शिव और गणेश जी के बीच हुए प्रसंग तथा बाद में गणेश जी को प्रथम पूज्य का स्थान मिलने की कथा ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा व्यास ने माता-पिता की परिक्रमा से जुड़े प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान गणेश ने यह संदेश दिया कि माता-पिता के चरणों में ही संपूर्ण संसार का सार निहित है। उनका चरित्र बुद्धि, विवेक, आज्ञापालन और माता-पिता के प्रति सर्वोच्च श्रद्धा का प्रतीक है। समापन दिवस पर श्रीकृष्ण और भगवान शिव की भक्ति का प्रसंग भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहा।

पं. धर्मेंद्र भार्गव ने बताया कि श्रीकृष्ण ने भगवान शिव की आराधना और तपस्या कर उनकी कृपा प्राप्त की तथा उनसे वरदान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु के अवतार श्रीकृष्ण द्वारा भगवान शिव की आराधना किया जाना इस बात का संदेश देता है कि सनातन परंपरा में देव आराधना का आधार श्रद्धा और भक्ति है। कथा व्यास ने बताया कि बाणासुर ने कठोर तपस्या कर भगवान शिव को प्रसन्न किया और उनसे वरदान प्राप्त किया। उसकी अनन्य शिवभक्ति से प्रसन्न होकर महादेव उसके रक्षक बने। कथा व्यास ने आगे बाणासुर के बढ़ते अहंकार और श्रीकृष्ण के साथ हुए संघर्ष का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान से प्राप्त शक्ति का सदुपयोग न किया जाए और उसमें अहंकार जुड़ जाए तो वही शक्ति विनाश का कारण बन सकती है। पं. धर्मेंद्र भार्गव ने कहा कि शिवमहापुराण के इन प्रसंगों में केवल धार्मिक कथाएं ही नहीं, बल्कि जीवन के गहरे संदेश भी छिपे हैं। कार्तिकेय का प्रसंग धर्म की रक्षा, गणेश जी का चरित्र बुद्धि और मातृ-पितृ भक्ति, श्रीकृष्ण की शिव आराधना श्रद्धा तथा बाणासुर का प्रसंग भक्ति के साथ विवेक और विनम्रता बनाए रखने की सीख देता है। उन्होंने कहा कि निष्काम और श्रद्धापूर्ण भक्ति जीवन को सार्थक बनाती है, जबकि शक्ति और वरदान के बाद उत्पन्न अहंकार पतन का कारण बन सकता है।

सुबह के बाद शाम को भी हुई जोरदार बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



पिछले कुछ दिनों से इलाके में बारिश का दौर थमा रहा और इस दौरान कभी कभार बौछारें पडती रहीं, लेकिन गत दिवस से मौसम ने एक बार फिर अपने तेवर बदल लिए हैं और इलाके में फिर से रह रहकर अच्छी बारिश शुरू हो गई है। पिछले चौबीस घंटों में हुई 3.4 मिमी बारिश को मिलाकर अभी तक इलाके में 732.6 मिमी पानी बरस चुका है। जबकि गत वर्ष इस अवधि में 842.3 मिमी बरसात हो चुकी थी। इस लिहाज से इस वर्ष कम बारिश हुई है।

लेकिन अब गत दिवस से इलाके में फिर से अच्छी बारिश शुरू हो गई है। गत दिवस जहां दिन भर रह रहकर पानी बरसता रहा, वहीं शनिवार की सुबह भी इलाके में कुछ समय के लिए अच्छी बारिश हुई। हांलाकि इसके बाद दिन भर बादल तो छाए रहे, लेकिन मौसम साफ बना रहा। जबकि देर शाम से एक बार फिर नगर सहित आसपास के क्षेत्र में जोरदार बारिश का दौर शुरू हो गया, जो खबर लिखे जाने तक रह रहकर जारी है। उधर इस बारिश से किसानों को काफी राहत मिल रही है। इलाके के किसान इन दिनों सोयाबीन, उडद में कीट व्याधियों से खासे चिंतित हो रहे थे। किसानों का कहना है कि इस वर्ष रह रहकर हो रही बारिश से फसलों की ग्रोथ काफी अच्छी हुई है , लेकिन इल्लियों का प्रकोप भी बढ गया है। किसानों द्वारा दो दो बार कीटनाशकों का छिडकाव करने के बाद भी इल्लियों का प्रकोप कम नहीं हो रहा है। जिससे किसानों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानी का सामना करना पड रहा है। साथ ही फसलों की उपज को लेकर भी चिंता सता रही है। अब अच्छी बारिश शुरू होने से किसानों को उम्मीद है कि तेज बारिश से फसलों में कीट व्याधि का प्रकोप थम सकेगा और उनकी फसल सुरक्षित रहेंगी। उधर अच्छी बारिश से तापमान में भी गिरावट आ गई है।

इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने अब आगामी दिनों में भी अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं। वेबसाइटों ने आगामी 2 सितंबर तक इलाके में अच्छी बारिश के पूर्वानुमान व्यक्त किए हैं। यदि ये पूर्वानुमान सटीक निकलते हैं तो फसलों को काफी लाभ होगा।

जनसहयोग से पीएम आवास में टीनशेड लगाकर अपने घर में बसाने की पहल

खबर प्रकाशित होते ही श्मशान घाट पहुंचे अधिकारी और जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

दो वक्त की रोटी के लिए दूसरों का सहारा, रात होते ही जंगली जानवरों का भय, सिर पर पक्की छत नहीं और मजबूरी की ऐसी इंतहा कि जीवन के अंतिम पड़ाव में पति-पत्नी को श्मशान घाट में अपना आशियाना बनाना पड़ रहा था। बुजुर्ग दंपती की इसी दर्दभरी जिंदगी को हरिभूमि ने 21 अगस्त 2026 के अंक में प्रमुखता से 'दो वक्त की रोटी के लिए दूसरों का सहारा, रात में जंगली जानवरों का डर, मजबूरी की इंतहा, श्मशान घाट में गुजर रही बुजुर्ग दंपती की जिंदगी, सिर पर कोई छत नहीं' शीर्षक से प्रकाशित किया था। समाचार प्रकाशित होने के अगले ही दिन स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधि बुजुर्ग दंपती की सुध लेने श्मशान घाट पहुंच गए। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने वहां रह रहे बुजुर्ग दंपती हरिनारायण विश्वकर्मा एवं उनकी पत्नी से मुलाकात की और उनकी परेशानी, मजबूरी तथा पारिवारिक परिस्थितियों को जाना। दंपती से मिलने पहुंचे एसडीएम ओम नारायण बड़कुल, नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष सीताराम कुशवाह तथा पार्षद टीकाराम शाक्य ने दंपती के साथ बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।





खबर का असर

परिजनों को समझाया, फिर से अपने घर में बसाने की पहल

बुजुर्ग दंपती की स्थिति को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने उनके परिजनों से भी चर्चा की। सभी को आपसी मतभेद भुलाकर बुजुर्ग दंपती को सम्मानपूर्वक घर में रखने और उनकी देखभाल करने की समझाइश दी गई। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बुजुर्ग को मिली कुटीर को रहने योग्य बनाने के लिए जनसहयोग से टीनशेड की व्यवस्था कराई जाएगी, ताकि बुजुर्ग दंपती को सिर पर सुरक्षित छत मिल सके और उन्हें श्मशान घाट जैसी भयावह परिस्थितियों में जीवन बिताने के लिए मजबूर न होना पड़े।

श्मशान घाट की जिंदगी से मिलेगी मुक्ति की उम्मीद

अब उम्मीद की जा रही है कि प्रशासन, नगर पालिका, जनप्रतिनिधियों और परिजनों के संयुक्त प्रयास से बुजुर्ग दंपती जल्द ही अपने घर में सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकेंगे। वर्षों की मजबूरी और पारिवारिक परिस्थितियों के कारण श्मशान घाट में गुजर रही उनकी जिंदगी को एक नई शुरुआत मिलने की संभावना दिखाई देने लगी है। वहीं स्थानीय लोगों का भी कहना है कि हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन का तुरंत मौके पर पहुंचना एक सकारात्मक पहल है। बुजुर्ग दंपती के लिए केवल अस्थायी सहायता ही नहीं, बल्कि उन्हें स्थायी रूप से सुरक्षित और सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराना सबसे जरूरी है। वहीं प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई पहल कितनी जल्दी जमीन पर उतरती है।

पीएम आवास की दो किस्तें मिल चुकीं, पेंशन और आयुष्मान कार्ड की भी सुविधा

इस अवसर पर नगर पालिका सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया कि बुजुर्ग हरिनारायण विश्वकर्मा को शासन की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर पालिका द्वारा आवास निर्माण के लिए दो किस्तें प्राप्त हो चुकी हैं। इसके अलावा उनका आयुष्मान कार्ड भी बना हुआ है तथा पति-पत्नी दोनों को पेंशन की सुविधा भी मिल रही है। सीएमओ ने बताया कि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलने के बावजूद पारिवारिक परिस्थितियों और आपसी विवाद के कारण बुजुर्ग दंपती अपने घर से अलग होकर श्मशान घाट में रहने को मजबूर हो गए थे। यह मामला सामने आने के बाद प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने गंभीरता से हस्तक्षेप किया।

न्यू स्टार व आरके पेट्रोल पंप के औचक निरीक्षण में खुली अव्यवस्थाओं की पोल

मिलीं कई कमियां, फायर सेफ्टी उपकरण व सीसीटीवी कैमरे बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

जिला कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में नगर में पेट्रोल पंपों की व्यवस्थाओं की जांच के लिए स्थानीय प्रशासन, नापतौल विभाग एवं आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण की कार्रवाई की। इस दौरान नगर के न्यू स्टार पेट्रोल पंप एवं आरके पेट्रोल पंप का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान विशेष रूप से न्यू स्टार पेट्रोल पंप पर अनेक अव्यवस्थाएं सामने आने से व्यवस्थाओं की पोल खुल गई।

निरीक्षण के दौरान नापतौल अधिकारी निधि श्रीवास्तव, सहायक आपूर्ति अधिकारी प्रकाश यादव सहित स्थानीय प्रशासन की संयुक्त टीम ने पेट्रोल पंपों पर उपलब्ध सुरक्षा व्यवस्थाओं, पेट्रोल-डीजल वितरण व्यवस्था, नापतौल उपकरणों एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान न्यू स्टार पेट्रोल पंप पर कई गंभीर कमियां एवं अव्यवस्थाएं पाई गईं। बताया गया कि पेट्रोल पंप पर सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए कुछ आवश्यक उपकरण एवं व्यवस्थाएं संतोषजनक स्थिति में नहीं मिलीं। जांच के दौरान फायर सेफ्टी से संबंधित उपकरणों तथा सीसीटीवी कैमरों के बंद होने की स्थिति भी सामने आई। पेट्रोल पंप जैसे अत्यंत संवेदनशील स्थान पर सुरक्षा उपकरणों का बंद पाया जाना गंभीर लापरवाही माना जा रहा है। वही निरीक्षण के दौरान एक और गंभीर मामला उस समय सामने आया, जब अधिकारियों की मौजूदगी में प्लास्टिक के डिब्बे में डीजल दिया जाता हुआ पाया गया। पेट्रोलियम पदार्थ अत्यंत ज्वलनशील होने के कारण उनके भंडारण एवं वितरण में सुरक्षा मानकों का पालन आवश्यक है। प्लास्टिक के डिब्बे में डीजल दिए जाने की जानकारी सामने आने के बाद संयुक्त टीम ने इस मामले को भी जांच में शामिल किया। अधिकारियों ने पेट्रोल पंप पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित दस्तावेजों एवं उपकरणों की भी जांच की। टीम द्वारा सामने आई अनियमितताओं और कमियों का पंचनामा तैयार किया गया तथा आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को जानकारी भेजने की प्रक्रिया की गई।



आरके पेट्रोल पंप का भी किया निरीक्षण

संयुक्त टीम ने नगर के आरके पेट्रोल पंप पहुंचकर वहां भी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने पेट्रोल-डीजल की बिक्री, नापतौल व्यवस्था, सुरक्षा उपकरणों तथा आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच की। निरीक्षण के दौरान पेट्रोल पंप संचालकों को नियमों एवं सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए। स्थानीय प्रशासन, नापतौल विभाग एवं आपूर्ति विभाग की संयुक्त कार्रवाई से पेट्रोल पंप संचालकों में हड़कंप की स्थिति देखी गई। अधिकारियों द्वारा स्पष्ट किया गया कि आम नागरिकों की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं के आधार पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। नगरवासियों का कहना है कि पेट्रोल पंपों पर समय-समय पर इस प्रकार के औचक निरीक्षण किए जाने चाहिए, ताकि पेट्रोल-डीजल की गुणवत्ता, सही नापतौल एवं सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित हो सके और उपभोक्ताओं के साथ किसी प्रकार की अनियमितता न हो। संयुक्त टीम द्वारा तैयार पंचनामे के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

रिदम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ आज

सिरोंज। नगरवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई सौगात मिलने जा रही है। नगर के आरोन रोड स्थित रिदम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का रविवार सुबह 10:30 बजे शुभारंभ होने जा रहा है। अस्पताल में अनुभवी चिकित्सकों की सेवाओं के साथ अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक, आधुनिक सुविधाएं और करुणामय देखभाल मरीजो को उपलब्ध होगी। रिदम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्देश्य क्षेत्रवासियों को बेहतर, सुलभ और समय पर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि गंभीर बीमारियों एवं आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को बेहतर उपचार के लिए दूरस्थ शहरों की ओर जाने की परेशानी कम हो सके। अस्पताल के संबंध में जानकारी देते हुए डॉ. पुष्पेंद्र तिवारी ने बताया कि रिदम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में अनुभवी चिकित्सकों की टीम अपनी सेवाएं देगी। यहां एम.डी. मेडिसिन डॉ. उत्सव यादव, एम.बी.बी.एस. डॉ. एस.के. तिवारी, डॉ. सैयद अशरफ अली, डॉ. जितेंद्र जोशी सहित अन्य चिकित्सक मरीजों को चिकित्सा परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने बताया कि अस्पताल में मरीजों की सुविधा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देते हुए आधुनिक चिकित्सा संसाधनों की व्यवस्था की गई है। अस्पताल में 24 घंटे, सातों दिन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा, जिससे आपातकालीन स्थिति में मरीजों को तत्काल चिकित्सा सहायता मिल सके। रिदम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के शुभारंभ से सिरोंज नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी लाभ मिलने की उम्मीद है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि बेहतर चिकित्सा सुविधाएं, अनुभवी डॉक्टरों की सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

सकारात्मक पेरेंटिंग एवं सर्वांगीण चरित्र विकास पर सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

निर्मला कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए अभिभावकों के लिए विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में यूनिवर्सल सॉलिडेटरी मूवमेंट इंदौर से आईं सुश्री नीतू जोशी रहीं।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों के द्वारा प्रार्थना गीत के साथ विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत विद्यालय के प्रबंधक फादर एण्टोनी, प्राचार्य सिस्टर टेंसी तथा पालक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि सदस्य अजय गौर एवं मेघा अग्रवाल के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया तथा स्वागत भाषण वरिष्ठ शिक्षक अनिल जैन के द्वारा प्रस्तुत किया गया । सेमिनार का प्रथम सत्र पालकों के लिये रखा गया जिसका विषय सकारात्मक पेरेंटिंग और शिक्षा में अभिभावकों की भूमिकाः बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की नींवह्व रहा। कार्यक्रम में नीतू जोशी ने अभिभावकों को बच्चों के साथ सकारात्मक एवं संवेदनशील व्यवहार, संवाद की प्रभावी शैली, बच्चों की भावनाओं को समझने तथा उनकी प्रतिभा और रुचियों को प्रोत्साहित करने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में परिवार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है और माता-पिता का व्यवहार ही उनके आत्मविश्वास एवं जीवन मूल्यों की मजबूत नींव तैयार करता है। कार्यक्रम में के.जी. सेक्शन प्रभारी सिस्टर जेसा जॉन, सहायक प्रबंधक फादर मिथुन सहित शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन तारिक हासमी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में विद्यार्थियों के लिए ह्वसर्वांगीण चरित्र विकासह्व विषय पर प्रेरणादायी सेमीनार आयोजित किया गया। इस सत्र के मुख्य वक्ता यूनिवर्सल सॉलिडेटरी मूवमेंट, इंदौर के नेशनल कोऑर्डिनेटर फादर जैकब रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को चरित्र निर्माण, अनुशासन, नैतिक मूल्यों, जिम्मेदारी, संवेदनशीलता, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में अच्छे संस्कारों को अपनाने तथा समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने के लिए प्रेरित किया। दोनों सत्रों में अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



गौमाता सुरक्षित नहीं तो हो जाएगा धर्म का लोप : विमल सागर महाराज

आचार्य विद्यासागर जीवरक्षा संस्थान समनापुर में मानस्तभ का शिलान्यास

बरेली। बरसों से आचार्य विद्यासागर जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर कार्य करने वाली समनापुर स्थित गौशाला में 20 अगस्त को समाधी सम्राट आचार्य विद्या सागर महाराजआचार्य समय सागर महाराजपरम तपस्वी मुनि विमलसागर महाराज मुनि अनंतसागर महाराज के सानिध्य में बाल बह्मचारी प्रतिष्ठाचार्य विनय भैया के सानिध्य में मान स्तंभ का शिलान्यास हुआ।



इस दौरान विमल सागर महाराज नेकहा कि गौ सेवा और संरक्षण को लेकर अत्यंत गहरे और व्यावहारिक विचार व्यक्त किए उन्होंने कहा कि गाय है तो भारत है, और भारत है तो गाय है। उन्होंने गौ माता को केवल एक पशु नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना है। गौ सेवा के लिए भारत की जनता को स्वयं आगे आना चाहिए। यह एक अत्यंत पुण्यदायी कार्य है, जिसे किसी ज़बरदस्ती के बिना, कर्तव्य समझकर करना चाहिए। वहीं उन्होंने गौ माता को लेकर कहा कि भारती चिकित्सा और आयुर्वेद में पंचगव्य (दूध, दही, घी, गोबर और गोमूत्र) के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि अहिंसा धर्म की सुरक्षा केलिए गौ सेवा और संरक्षण अनिवार्य है। वहीं उन्होंने कहा कि कामधेनु (गाय) की कृपा पाने के लिए मनुष्यों को बिना किसी स्वार्थ के केवल अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए जीव दया का भाव रखना चाहिए।

गौशाला सेवा समिति के चंद्र कुमार जैन ने कहा कि गौशालाओं का मुख्य उद्देश्य कसाइयों से मुक्त कराए गए, बीमार, बूढ़े और अपंग गोवंश को आश्रय देना और उनकी निःस्वार्थ सेवा करना प्रमुख है। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज बंधुओ के द्वारा मान स्तंभ शिलान्यास कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की

पूर्व विधायक पटेल के वाटएप नंबर को किया हैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

उदयपुरा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेन्द्र सिंह पटैल का किसी ने उनका मोबाईल नंबर जिस पर वह व्हाटएप चलाते थे किसी व्यक्ति ने उसको हैक कर लिया और लोगों से पैसे की मांग करता रहा।



जानकारी मिली है कि कुछ सीधे लोगों ने उसके द्वारा दिये गये खाते में पैसे भी डाल दिये हैं। पूर्व विधायक को जानकारी मिलते ही उन्होंने थाने में एफआईआर दर्ज कराई और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। बरेली ही नहीं पूरे क्षेत्र में इसकी जानकारी जैसे ही फैली लोगों ने अपनी प्रक्रियाऐं देनी शुरू की और कहा कि ऐसे फर्जी लोगों से सावधान रहें। उदयपुरा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेन्द्र सिंह पटैल रायसेन जिले के बडे नामी ग्रामी किसान हैं और उनका उदयपुरा क्षेत्र के साथ भोजपुर, होशंगाबाद, एवं विदिशा, भोपाल क्षेत्र में भी हजारों समर्थक ओर व्यक्तिगत लोगों से संबंध भी हैं। जिसका लोग उनका नंबर हैक करके फायदा उठाना चाहते थे, इस संबंध में लोगों ने कहा कि पूर्व विधायक देवेन्द्र सिंह पटैल की स्वच्छ ईमानदार छवि को प्रभावित करने की कोशिश कर लाभ उठाने का प्रयास किया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने अपराध पंजीवद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

समान नागरिक संहिता के विरोध में जमीयत उलेमा ए हिंद ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

समान नागरिक संहिता के प्रस्तावित मसौदे के विरोध में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की ओर से बुधवार को राष्ट्रपति के नाम एसडीएम अंकित जैन को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि उनका विरोध किसी धर्म या वर्ग के खिलाफ नहीं, बल्कि संविधान में मिले अधिकारों की रक्षा के लिए है।ज्ञापन में संविधान के अनुच्छेद 14, 21, 25, 26, 29 और 30 का उल्लेख करते हुए कहा गया कि प्रस्तावित प्रावधानों से समानता, धार्मिक स्वतंत्रता और सांस्कृतिक विविधता प्रभावित हो सकती है।



जमीयत उलेमा ए हिंद के पदाधिकारियों ने कहा कि भारत बहुसांस्कृतिक देश है और समानता का अर्थ एकरूपता नहीं हो सकता। मुस्लिम समाज के व्यक्तिगत कानून और धार्मिक परंपराओं के संरक्षण की मांग की गई। साथ ही संवेदनशील विषय पर सभी धार्मिक समुदायों और विधि विशेषज्ञों से व्यापक एवं पारदर्शी परामर्श करने की मांग रखी। इस दौरान मौलाना सैयद अज़हर अली कासमी, मौलाना ज़ैद, मौलाना मुस्लिम त्योहार कमेटी अध्यक्ष अंसार पटेल अफसर, डॉ. शोएब, हाफिज रफीक, हाफिज मोहसिन, हाफिज नवेद, सैयद आसिफ अली, जियाउद्दीन वकील, सैयद अफजल अली, हाफिज सरफराज, हाफिज अब्बास, मौलाना अतीक, हाफिज उमेर, हाफिज फैजान, खालिद ठेकेदार, बबलू अदनान निगार, आसिफ पठान और अकबर अली सहित मुस्लिम समाज बंधु मौजूद रहे।

जन विश्वास अभियान के अंतर्गत राज्य मंत्री पटेल ने संस्थाओं का किया निरीक्षण



बरेली। प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के विधायक स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने सहकारी संस्थाओं एवं मार्केटिंग सोसाइटी कार्यालय पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर किसानों ने मूंग खरीदी के दौरान हुई परेशानियों से अवगत कराया । सहकारी संस्था बरेली बाग पिपरिया खरगोन एवं मार्केटिंग सोसाइटी कार्यालय पहुंचकर राज्य मंत्री पटेल ने निरीक्षण किया। इसी के साथ सहकारिता विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय पर मिले कोई भी पात्र योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता संवेदनशीलता और जवाब देही बनाए रखने के निर्देश दिए। राज्य मंत्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान से जनकल्याण की ओर कदम बढ़ाय जा रहे हैं। शासन की विभिन्न लाभकारी योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने का प्रयास जारी है।

सड़कों पर अतिक्रमण, वाहनों का बिना रोकटोक प्रवेश

नगर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था नो व्हीकल जोन में, 500 रुपए जुर्माने का लगा बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

रक्षाबंधन और ईद मिलादुन्नबी के त्यौहार आ गए हैं। अधिकारियों द्वारा नगर के बाजारों और सड़कों पर यातायात को व्यवस्थित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत टॉकीज रोड चौराहे छोटा बाजार मार्ग को नो व्हीकल जोन बनाकर प्रवेश पर 500 जुर्माने का बोर्ड भी लगा दिया गया है। परंतु निचले स्तर पर कार्यवाही न होने से वाहनों का प्रवेश जाम का कारण बन रहा है।



सड़कों पर हाथ ठेला

मुख्य मार्ग से नगर में प्रवेश करने के दो मुख्य मार्ग हैं एक मंडी मस्जिद टॉकीज चौराहा दूसरा दीनदयाल परिसर से छोटा बाजार मार्ग दोनों ही मार्गों पर सैकड़ो दुकान हैं। दुकानों का सामान दुकानों से अधिक सड़कों पर फैला रहने के साथ नालियों पर अतिक्रमण टॉकीज रोड पर हाथ ठेलों की भरमार सब्जी मंडी मार्ग पर सब्जी की दुकानो फलों के हाथ ठेला और दुकानों की लगी पाल पलवाई से हमेशा जाम और विवाद की स्थिति बनती है। जिन्हें हटाने के अनेक बार हुए प्रयास असफल ही बने रहे ।

सड़कों पर दुकाने

बड़ा बाजार की जामा मस्जिद और शक्ति धाम मंदिर की मुख्य सड़कों पर गुरुवार को हॉट बाजार लगता है। रक्षाबंधन त्यौहार पर सड़कों पर ही राखी उपहार एवं अन्य सामग्री बेचने की भारी संख्या में दुकानें लगने की परंपरा बनी हुई है। तेजी से जनसंख्या और दुकानों की संख्या बढ़ती जा रही है। बाजार में स्थान की भारी कमी से हॉट बाजार का स्थान परिवर्तन करने की मांग जोर पड़ रही है।

ग्रेटमैन स्कूल में 4 हजार पौधों का वितरण पॉलिथीन मुक्त पृथ्वी का लिया संकल्प

सागर। ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को ओजोन क्लब के तत्वावधान में 17वें ग्रीन अर्थ वेंचर एवं एंटी पॉली बैग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विद्यालय परिवार द्वारा वर्ष 2010 में शुरू किया गया यह अभियान लगातार जारी है। कार्यक्रम के तहत इस वर्ष गुलाब, कॉसमस, शीशम, रिबन ग्रास, डॉरन्टा, लॉसोनिया, बोट लिली और पारिजात सहित विभिन्न प्रजातियों के करीब 4 हजार पौधों का वितरण किया गया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार वर्ष 2010 से अब तक एक लाख से अधिक पौधों का वितरण किया जा चुका है। पौधे प्राप्त करने वाले लोगों ने इनके संरक्षण और नियमित देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ वायु शुद्धता, जल एवं मृदा संरक्षण, जलवायु नियंत्रण और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा।

कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री गिरिराज बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित सांकलखेड़ाकलां, जिला-विदिशा

पंजीयन क्रमांक-761 // सूचना // दिनांक 30.08.2010

श्री गिरिराज बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित सांकलखेड़ाकलां की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसाइटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड, उप पंजीयक सहकारी सोसाइटीयें विदिशा कार्यालय, संबंधित विकास खण्ड विदिशा कार्यालय, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा देवखजूरी के सूचना पटल पर दिनांक 22.08.2026 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 22.08.2026 से दिनांक 31.08.2026 तक श्री नरेन्द्र रघुवंशी, प्रबंधक, श्री गिरिराज बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित सांकलखेड़ाकलां के समक्ष सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में दिनांक 01.09.2026 को दोपहर 2.00 बजे से किया जायेगा ।

आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थिति हो सकते हैं। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिशः सूचना नहीं दी जावेगी। यदि किसी सदस्य की कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा ।

(किशोर कुमार अहरवाल), रजिस्ट्रीकरण अधिकारी
श्री गिरिराज बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित सांकलखेड़ाकलां

हर दिन बड़ी संख्या में मरीज पहूंच रहे जिला अस्पताल

सेहत पर भारी मौसमः सर्दी-खांसी, वायरल बुखार का जोर, ओपीडी 1000 मरीजों के पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मौसम में लगातार हो रहे बदलाव का असर अब लोगों की सेहत पर साफतौर से दिखाई देने लगा है। जिले में इन दिनों सर्दी, खांसी, वायरल बुखार खुजली और बच्चों में निमोनिया खांसी अन्य मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। आलम यह है कि जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना करीब 1000 मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या सर्दी-खांसी और वायरल बुखार खुजली से पीड़ित मरीजों की है। जिला अस्पताल में मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण ओपीडी से लेकर जांच केंद्र तक भीड़ नजर आ रही है। डॉक्टरों के अनुसार मौसम में अचानक बदलाव होने से शरीर को तापमान के साथ सामंजस्य बैठाने में परेशानी होती है। बारिश के बाद उमस और तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण वायरल संक्रमण का असर बढ़ जाता है। यही वजह है कि पिछले कुछ दिनों से जिला अस्पताल में ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ी है, जिन्हें सर्दी, खांसी, बुखार, बदन दर्द और कमजोरी की शिकायत है।



देवनगर गैरतगंज सांची,सिलवानी में भी बढ़े मरीज

जिले के तहसील क्षेत्र सिलवानी गैरतगंज बेगमगंज सुल्तानपुर सांची सलामतपुर में भी वायरल बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने की जानकारी सामने आई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और निजी अस्पतालों में भी सर्दी-खांसी, बुखार और वायरल संक्रमण से पीड़ित मरीज इलाज जांच कराने पहुंच रहे हैं। स्वास्थ्य केंद्रों में दिनभर मरीजों की भीड़ देखी जा रही है।

दवा लेने पर भी ठीक नहीं हो रहा बुखार

जिला अस्पताल में उपचार कराने पहुंचे मरीजों का कहना है कि उन्हें कई दिनों से बुखार के साथ सर्दी-खांसी और खुजली एलर्जी की समस्या है। दवा लेने के बाद भी बुखार पूरी तरह ठीक नहीं हो रहा है। कुछ मरीजों को लगातार कई दिनों तक कमजोरी और बदन दर्द की शिकायत बनी हुई है। जिला अस्पताल में चिकित्सक यशपाल सिंह बाल्यान, डॉ आलोक राय डॉ सौरभ जैन मरीजों की जांच के साथ जरूरी उपचार और सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं।

मौसमी बीमारी का असर, कुछ दिन में राहत की उम्मीद

चिकित्सकों का कहना है कि बदलते मौसम के कारण होने वाली मौसमी बीमारियों का असर कुछ दिनों तक रह सकता है। तापमान सामान्य होने और मौसम स्थिर होने के बाद मरीजों की संख्या में कमी आने की उम्मीद है। लोगों को इस दौरान साफ-सफाई का ध्यान रखने, पर्याप्त पानी पीने और ठंडे पानी से बचने की सलाह दी जा रही है।

इनका कहना

लोगों को मौसम के दौरान पानी उबालकर पीने की सलाह दी जा रही है। पानी की शुद्धता को लेकर स्थानीय प्रशासन को भी जरूरी कदम उठाने चाहिए। बारिश के मौसम में दूषित पानी के कारण पेट संबंधी बीमारियों और संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने साफ-सफाई रखने, खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों से बचने और बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की है।

डॉ अनिल ओढ़, सिविल सर्जन रायसेन

फूड सेफ्टी कागजों पर... स्वाद के नाम पर परोस रहे धीमा जहर

होटल, चौपाटी और हाथ ठेले-गुमठियों में काले तेल से तली जा रही सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर के युवाओं में इन दिनों में फास्ट फूड खाने का चलन बढ़ रहा है। जो उनकी सेहत के लिए खतरनाक भी है।शहर में फूड सेफ्टी के नियमों की अनदेखी लोगों की सेहत पर भारी पड़ रही है। होटल, चौपाटी, हाथ ठेले और टपरों पर चाट पकौड़े, समोसे, चाउमीन मोमोस भजिए और अन्य खाद्य सामग्री तलने के लिए एक ही तेल को बार-बार गर्म कर इस्तेमाल किया जा रहा है। कई जगह तेल इतना काला पड़ चुका है कि उसमें तली सामग्री का रंग और स्वाद तक बदल जाता है। इसके बावजूद जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधीय प्रशासन विभाग की कार्रवाई का असर जमीन पर नजर नहीं आ रहा। खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के नियमों के अनुसार एक ही तेल को बार-बार गर्म करना सुरक्षित नहीं माना जाता। बार-बार गर्म करने पर तेल में ट्रांस फैट और अन्य हानिकारक तत्व बढ़ सकते हैं। इससे लंबे समय में हृदय और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है।

फूड सेफ्टी के प्रावधानों के मुताबिक खाना तलने वाले तेल को बार-बार गर्म करने से उसकी गुणवत्ता खराब होती है। इस्तेमाल किए गए तेल में टीपीसी (टोटल पोलर कंपाउंड्स) की मात्रा 25 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। इससे अधिक होने पर तेल मानव उपभोग के लिए असुरक्षित माना जाता है। ऐसे तेल का दोबारा इस्तेमाल करने के बजाय उसे बायोडीजल बनाने वाली अधिकृत एजेंसी को दिया जाना चाहिए।

काला तेल जन स्वास्थ्य के लिए खतरा

बार-बार गर्म किए गए तेल का रंग धीरे-धीरे काला पड़ने लगता है और उसमें झाग बनने लगता है। ऐसे तेल में बनी सामग्री जल्दी खराब भी नहीं होती, जिससे दुकानदारों को लागत कम करने में फायदा दिखता है। लेकिन इसका सीधा असर ग्राहकों की सेहत पर पड़ सकता है।



नियमतो हैं, लेकिन निगरानी कमजोर

शहर में बड़ी संख्या में होटल, चौपाटी, फुटपाथों पर पानीपुरी चाट के हाथ ठेले और छोटी खाद्य दुकानें संचालित हो रही हैं। इनमें से कई जगहों पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और इस्तेमाल किए जा रहे तेल की नियमित जांच नहीं होती। शिकायत मिलने पर ही जांच और सैंपलिंग की कार्रवाई किए जाने से मिलावट और खराब तेल के इस्तेमाल पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है।

बीमार पड़ने पर लोगों ने बाहर का खाना छोड़ा

बार-बार बाहर का तला-भुना खाना खाने से पेट खराब होने और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की शिकायतें भी सामने आती हैं। कई लोगों का कहना है कि बीमारी के बाद उन्होंने होटल और हाथ ठेलों का तला हुआ खाना छोड़ दिया है। लोगों की मांग है कि जिला खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम नियमित जांच करे और काला पड़ चुके तेल का इस्तेमाल करने वाले दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

इनका कहना है

आगामी रक्षाबंधन के त्यौहार पर होटल रेस्टोरेंट सहित किराना दुकानों की जांच के नमूने लिए जा रहे हैं। वहीं कड़ाई में काले तेल का इस्तेमाल करने वाले दुकानदारों की भी अब खैर नहीं। इनके विरुद्ध भी जांच की जाएगी।

कल्पना अरिया, जिला फूड अधिकारी

सेहतगंज घाट के पास जेसीबी व बाइक में भिड़ंत, दो युवक गंभीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले के उमरावगंज थाना क्षेत्र की खरबई पुलिस चौकी के अंतर्गत सेहतगंज घाट के पास शनिवार को जेसीबी मशीन और मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों की हालत नाजुक बताई जा रही है। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल खरबई पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए रायसेन जिला अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि सेहतगंज के नजदीक सड़क पर जेसीबी मशीन और मोटरसाइकिल के बीच जोरदार टक्कर हुई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें भोपाल रेफर कर दिया।पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सड़क दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए मौके पर लोगों की भीड़ भी जमा रही। पुलिस द्वारा मामले की जानकारी जुटाई जा रही है।

सांईखेड़ा में दो गुटों में खूनी संघर्ष, युवक पर लाठी-तलवार से हमला

अंत्येष्टि से लौट रहा था अमन राय, काले रंग की स्कॉर्पियो से आए 5-6 लोगों ने घेरकर पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/सिलवानी

जिले के सिलवानी थाना क्षेत्र के सांईखेड़ा में पुरानी रंजिश को लेकर दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष का मामला सामने आया है। भाजपा नेता कोमल विश्वकर्मा की अंत्येष्टि में शामिल होकर लौट रहे युवक अमन राय पर कुछ लोगों ने लाठी, डंडे और तलवार पथरावबाजी से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में अमन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका भोपाल में इलाज चल रहा है। घटना का सीसीटीवी कैमरे के फुटेज भी सामने आया है, जिसमें कुछ लोग युवक पर हमला करते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अमन राय सांईखेड़ा निवासी भाजपा नेता कोमल विश्वकर्मा की अंत्येष्टि में शामिल होने के बाद घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान गौशाला के सामने काले रंग की स्कॉर्पियो से 5-6 लोग पहुंचे। आरोप है कि वाहन से उतरने के बाद गौरव तिवारी, दिनेश आदिवासी सहित अन्य लोगों ने अमन राय को घेर लिया और उसे पकड़कर लाठी-डंडों तथा तलवार से उस पर हमला कर दिया।

हमले का सीसीटीवी कैमरे का फुटेज सामने आया



रंजिश को लेकर विवाद

सिलवानी पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में विवाद के पीछे रंजिश की बात सामने आई है। घटना को लेकर पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।घटना के बाद सांईखेड़ा में दोनों पक्षों के बीच तनाव को देखते हुए पुलिस भी मामले पर नजर बनाए हुए है। पुलिस का कहना है कि जांच पड़ताल के बाद हमले में शामिल आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।


गंभीर हालत, भोपाल रेफर

अचानक हुए युवक पर जानलेवा हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हमलावरों ने युवक के साथ जमकर मारपीट की। सिर में गंभीर चोट लगने के बाद अमन राय को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे भोपाल रेफर किया गया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। सामने आए सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में भी हमले की पूरी घटना कैद बताई जा रही है। पुलिस अब फुटेज के आधार पर लोगों की भूमिका की जांच कर रही है।

ट्रेन की चपेट में आने से 65 वर्षीय बुजुर्ग की हो गई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

जिले के सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात एक दर्दनाक रेल हादसे में 65 वर्षीय बुजुर्ग की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और जांच शुरू कर दी है। हालांकि, हादसे के बाद क्षेत्र में मर्चुरी रूम (शव गृह) की व्यवस्था न होने के कारण पीड़ित परिवार को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मृतक की पहचान भुज्जीलाल आदिवासी (पिता गोरेलाल आदिवासी, उम्र 65 वर्ष), निवासी खेरुआटोला मुक्तापुर के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, भुज्जीलाल शुक्रवार रात घर पर खाना खाने के बाद टहलने के लिए बाहर निकले थे। वह एक आंख से देख नहीं पाते थे, जिसके कारण अंधेरे में रास्ता भटक कर रेलवे पटरियों तक पहुंच गए और ट्रेन की चपेट में आ गए। रेलवे पॉइंट्समैन ने दी पुलिस को सूचना सलामतपुर थाने के एएसआई मलुकचंद धुर्वे ने बताया कि सलामतपुर रेलवे स्टेशन के पॉइंट्समैन नरेंद्र कुमार मेहरा ने रात लगभग 12:30 बजे पुलिस को सूचना दी थी कि अप ट्रैक के खंभा नंबर 870/11ए की पटरियों के बीच एक शव पड़ा हुआ है। सूचना पाते ही पुलिस बल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा और शव को कब्जे में लिया।



तहसील की कार्यप्रणाली पर सवाल

आमजन व किसानों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

तहसील कार्यालय बाड़ी की कार्यप्रणाली को लेकर आमजन और किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों का आरोप है कि कार्यालय में राजस्व प्रकरणों का अंबार लगा हुआ है जबकि उनके निराकरण की गति बेहद धीमी है। नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित विभिन्न राजस्व प्रकरण लंबे समय से लंबित बताए जा रहे हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि पक्षकारों को अपने ही प्रकरण की वास्तविक स्थिति की जानकारी आसानी से नहीं मिल पा रही है। आरोप है कि कई मामलों में पेशी से पूर्व संबंधित पक्षकारों तक समय पर नोटिस नहीं पहुंच रहे हैं। जिसके बाद अनुपस्थिति का हवाला देकर प्रकरण निरस्त कर दिए जाते हैं। वहीं कुछ लोगों ने प्रकरणों के निराकरण में कथित रूप से सुविधा शुल्क मांगे जाने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए हैं। लोगों का कहना है कि तहसील कार्यालय परिसर में विभिन्न कार्यों के लिए निर्धारित शुल्क की स्पष्ट सूची या बोर्ड प्रदर्शित नहीं होने से आवेदकों को परेशानी हो रही है। शिकायत है कि इस स्थिति का लाभ उठाकर कुछ लोगों द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक राशि मांगी जा रही है। आवेदकों ने वसूली गई राशि की रसीद दिए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। कुछ शिकायतकर्ताओं ने कार्यालय परिसर में अनधिकृत व्यक्तियों के कर्मचारियों की तरह कार्य करने और आवेदकों से राशि लेने के आरोप भी लगाए हैं। लोगों ने इस मामले की



जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि जिला स्तर पर समीक्षा बैठकें तो आयोजित की जाती हैं। लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्था में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। क्षेत्र के किसानों और आम नागरिकों ने प्रशासन से तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली की जांच कराने लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने तथा कथित अनियमितताओं पर प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की है।

इनका कहना है

अनुविभागीय अधिकारी द्वारा मेरा कब्जे का आदेश दो महा पूर्व जारी हुआ था जिसका आज दिनांक तक निराकरण नहीं हुआ।

इलियास शाह, शिकायतकर्ता

तहसील कार्यालय में लंबित प्रकरणों की संख्या पहले की तुलना में काफी कम हुई है। उन्होंने कहा कि पहले प्रकरणों के निराकरण की दर करीब 50 से 60 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 80 से 90 प्रतिशत तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि जिन लंबित प्रकरणों की बात सामने आई है। उनकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए उनका परीक्षण कर जल्द से जल्द निराकरण कराया जाएगा।

दिनेश बरगले, तहसीलदार बाड़ी

जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन के रिकॉर्ड व्यवस्थित रखें, विवाह पंजीयन के लिए चलाएं अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 के तहत आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के आयुक्त एवं मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) स्वरोचिष सोमवंशी ने शनिवार को गौहरगंज और औबेदुल्लागंज का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से जनसंवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। आयुक्त सोमवंशी ने गौहरगंज स्थित ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने शासन की योजनाओं और स्थानीय स्तर पर



उपलब्ध सेवाओं की जानकारी ली। ग्रामीणों की ओर से बताई गई समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद आयुक्त ने औबेदुल्लागंज नगर परिषद कार्यालय और जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर परिषद एवं ग्राम पंचायतों के माध्यम से दी जा रही जन्म-मृत्यु पंजीयन और विवाह पंजीयन सेवाओं की प्रक्रिया से संबंधित दस्तावेजों एवं अभिलेखों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीएमओ और ग्राम पंचायत सचिवों को जन्म-मृत्यु तथा विवाह पंजीयन के अभिलेख व्यवस्थित तरीके से संधारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंजीयन से संबंधित रिकॉर्ड अद्यतन और व्यवस्थित रहने से आमजन को प्रमाण पत्र प्राप्त करने में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। आयुक्त ने आमजन के बीच शत-प्रतिशत विवाह पंजीयन सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए।

15 हजार छात्रों ने ली नशा मुक्त रहने की प्रतिज्ञा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार और प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बीच नशा मुक्त भारत अभियान के प्रचार.प्रसार के लिए हुए समझौता ज्ञापन के तहत देशभर में नशा मुक्ति के लिए जन.जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ब्रह्माकुमारीज सिलवानी सेवा केंद्र द्वारा सिलवानी तहसील के विभिन्न स्कूलों में 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा, महाअभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभियान के अंतर्गत रैलियां, शपथ ग्रहण समारोह और नशा मुक्ति रथ यात्राएं निकाली जा रही हैं। ब्रह्माकुमारीज सिलवानी द्वारा तहसील के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। जानकारी के अनुसार अब तक



सिलवानी तहसील के लगभग 15 हजार बच्चों ने नशा मुक्त रहने और अपने परिवार को भी नशा मुक्त रखने की प्रतिज्ञा ली है। अभियान को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया।

बीके मोहिनी दीदी ने बताया कि इस कड़ी में वनांचल क्षेत्र के ग्राम प्रतापगढ़, बम्होरी, शासकीय महाविद्यालय सिलवानी सहित अन्य ग्रामों के स्कूलों में भी नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहां विद्यार्थियों, शिक्षकों और ग्रामीणों को नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानियों के बारे में बताया गया।

10 दिन के इंतजार के बाद क्षेत्र में एक बार फिर मानसून मेहरबान

झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

करीब 10 दिन के लंबे इंतजार के बाद दीवानगंज क्षेत्र में एक बार फिर मानसून मेहरबान हुआ है। दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा, नरखेड़ा, जमुनिया, निनोद, बरजोरपुर, सरार, बालमपुर सहित आसपास के करीब 40 गांवों में पिछले दो दिनों से बारिश का दौर जारी है। कभी तेज बारिश तो कभी रिमझिम फुहारों ने मौसम को खुशनुमा बना दिया है। क्षेत्र में हुई बारिश से जहां लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली है, वहीं किसानों के चेहरे भी खिल उठे हैं। इससे पहले 10 अगस्त की देर रात क्षेत्र में जोरदार बारिश हुई थी। इसके बाद अचानक बारिश का सिलसिला थम गया और करीब 10 दिनों तक क्षेत्र में बारिश का इंतजार बना रहा। बारिश का दौर रुकने से खेतों में धान की रोपाई कर रहे किसानों की चिंता बढ़ने लगी थी। अब पिछले दो दिनों से हो रही अच्छी बारिश ने किसानों को बड़ी राहत दी है।

धान की रोपाई ने पकड़ी रफ्तार

दीवानगंज क्षेत्र में अब तक 80 प्रतिशत से अधिक धान की रोपाई पूरी हो चुकी है। बारिश थमने के कारण जिन किसानों की धान रोपाई का काम बाकी था, वे अब बारिश के बाद तेजी से खेतों में उतर गए हैं। खेतों में पानी पहुंचने के साथ ही किसान परिवार और मजदूर धान की रोपाई में जुट गए हैं। किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में भी बारिश का सिलसिला बना रहता है तो धान की फसल को काफी फायदा होगा। लंबे अंतराल के बाद हुई बारिश से खेतों में नमी बढ़ी है और रोपाई के लिए पर्याप्त पानी मिलने लगा है।



मौसम विभाग के पूर्वानुमान से भी उम्मीद

रायसेन क्षेत्र के लिए उपलब्ध मौसम पूर्वानुमान में 22 अगस्त को बारिश की संभावना जताई गई है और अगले कुछ दिनों तक भी बारिश का दौर बने रहने का अनुमान है। मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में 22 अगस्त को भारी बारिश को लेकर मौसम संबंधी चेतावनी भी जारी की गई है।

बारिश से गांवों में लौटी रौनक लगातार दो दिनों से हो रही बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में भी रौनक लौट आई है। खेतों में पानी जमा होने के साथ ही किसान आगामी दिनों में खेती के काम को और तेज करने की तैयारी में हैं। ग्रामीणों को उम्मीद है कि मानसून का यह दौर आगे भी जारी रहा तो धान की फसल को पर्याप्त पानी मिलता रहेगा और उत्पादन पर इसका सकारात्मक असर पड़ेगा। फिलहाल 10 दिन के इंतजार के बाद हुई झमाझम बारिश ने किसानों को बड़ी राहत दी है और क्षेत्र के खेतों में एक बार फिर धान की रोपाई का काम तेजी से शुरू हो गया है।

कांग्रेस नेता बोले सरकारें सो रहीं, जनता महंगाई से बेहाल

रायसेन। शक्कर के बढ़ते दामों ने आमजनता बेहद परेशान हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल रायसेन नगर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष हर्ष वर्धन सिंह सोलंकी ने साधा केंद्र सरकार पर जमकर निशाना । कांग्रेसी बोले डीजल पेट्रोल में इथेनाल मिला रहे हो उससे शक्कर कम बन रही है,और डीजल पेट्रोल के दाम कम किये नहीं, लोगों को लूटा जा रहा है, उधर इथेनाल मिला रहे हो, इधर शक्कर का उत्पादन कम हो रहा है। कांग्रेसी बोले - ये षडयंत्र है, केंद्र का, महंगाई बढ़ती जा रही है,लोग दुःखी है शक्कर जो दैनिक जीवन की आवश्यकता है, आमजन की उसके भाव आसमान को छू रहे हैं।